web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़,रविवार 09 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 132

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ह्रदयाघात से चुनाव अधिकारी की मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी मतदान के दौरान बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र में तैनात एक चुनाव अधिकारी की मौत हो गई। चुनाव अधिकारी की मौत की पुष्टि करते हुए, दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणबीर सिंह ने कहा, हां, हमारे एक अधिकारी उधम सिंह की आज सुबह मौत हो गई। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, सिंह की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। एक चुनाव अधिकारी ने कहा कि पेशे से शिक्षक सिंह को बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र में एमसीडी के प्राथमिक विद्यालय में चुनावी ड्यूटी पर लगाया गया था और उन्होंने सुबह असहज होने और सीने में दर्द की शिकायत की थी।

### महिलाएं घर पर रह जाती है वोट नहीं डाल पातीः केजरीवाल

» महिलाएं अपना उम्मीदवार चुनने में सक्षमःस्मृति

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर उनकी उस टिप्पणी के लिए निशाना साधा, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि महिलाएं मतदान करने को लेकर पुरुषों से चर्चा जरूर करें कि किसे वोट देना सही रहेगा।

### राजधानी में लगभग 60 फीसदी से ज्यादा हुआ मतदान

» दिल्ली विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटों के लिए शनिवार को हुए मतदान के दौरान करीब 60 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई, जो आगे बढ़ सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को शाम मतदान खत्म हो गया है। दिल्ली में 13,750 केंद्रों पर वोटिंग हुई। कई पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें दिखीं। दिल्ली के शाहीन बाग में मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वही नई दिल्ली सीट पर सबसे कम मतदान हुआ।

### ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से चुनाव अधिकारी की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 के लिए शनिवार को मतदान के दौरान बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र में तैनात एक चुनाव अधिकारी की मौत हो गई। चुनाव अधिकारी की मौत की पुष्टि करते हुए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणबीर सिंह ने कहा कि हमारे एक अधिकारी उधम सिंह की सुबह मौत हो गई। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक सिंह की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। एक चुनाव अधिकारी ने कहा कि पेशे से शिक्षक सिंह को बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र में एमसीडी के प्राथमिक विद्यालय में चुनावी ड्यूटी पर लगाया गया था और उन्होंने सुबह असहज होने और सीने में दर्द की शिकायत की थी।

### नायडू ने पूर्वी नौसेना कमान का दौरा किया

» ईएनसी की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों की जानकारी दी

**विशाखापत्तनम (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू शनिवार को पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के अपने पहले दौरे पर विशाखापत्तनम पहुंचे। आईएनएस डेगा में पहुंचने पर वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ईएनसी और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

### राष्ट्रपति ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में डा. जाकिर हुसैन की प्रतिमा से समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।



## कड़ी सुरक्षा के बीच 70 सीटों के लिए वोटिंग जारी केजरीवाल ने भी डाला वोट

» दिल्ली विधानसभा चुनाव

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शनिवार सुबह आठ बजे से मतदान जारी है। मतदान प्रातः आठ बजे प्रारंभ हुआ और शाम छह बजे तक चलेगा। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने कहा कि मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षाकर्मियों के अलावा पर्याप्त संख्या में अन्य कर्मचारियों को तैनात किए जाने के साथ ही पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

डॉ सिंह के अनुसार मतदान निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए 1000024 कर्मचारी चुनावी ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। सुरक्षा इंतजामों में दिल्ली पुलिस के 38 हजार 874 और होम गार्ड के 19 हजार जवान तैनात किए गये हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक सुरक्षा बल के जवान भी तैनात किए गए हैं। कुल 70 सीटों के लिए 672 प्रत्याशी मैदान में हैं।

इस बार कुल एक करोड़ 47 लाख 86 हजार 382 मतदाता हैं जिनमें से 132 मतदाता 100 या इससे अधिक आयु के हैं। वयोवृद्ध मतदाताओं को 'वीआईपी' मतदाता के रूप में वोट डालने की सुविधा मुहैया कराई गयी है। वयोवृद्ध मतदाताओं में 68 पुरुष और 64 महिला मतदाता हैं। सबसे वृद्ध मतदाता ग्रेटर कैलाश की चितरंजन पार्क निवासी 110 वर्षीय महिला कालीतारा मंडल हैं।

कुल मतदाताओं में पुरुषों की संख्या 81 लाख पांच हजार 236 और महिला मतदाताओं की संख्या 66 लाख 80 हजार 277 हैं। किन्नर मतदाता 869 हैं। सभी मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र जारी किए गए हैं।

प्रवासी मतदाताओं की संख्या 498 और सेवा से जुड़े मतदाताओं की संख्या 11 हजार 608 है। अस्सी वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या दो लाख चार हजार 830 हैं। दिव्यांग मतदाता 50 हजार 473 हैं। व्हील चेयर मतदाताओं की संख्या 3875 है। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में सुविधा के लिए नौ हजार 997 वालंटियर तैनात किए गये हैं। कुल मतदाताओं में 18 से 25 आयु वर्ग के 17 लाख 34 हजार 565 मतदाता हैं जिनमें पुरुष 10 लाख 823, महिला सात लाख 33 हजार 514 और अन्य 228 हैं। पच्चीस से 40 वर्ष आयु वर्ग के 62 लाख 36 हजार 46 मतदाताओं में पुरुष 3426905 और महिला 28 लाख नौ हजार 141 है। इस वर्ग में अन्य मतदाता 418 है। चालीस से 60 वर्ग आयु के 49 लाख 62 हजार 823 मतदाताओं में 27 लाख 28 हजार 303 पुरुष और 22 लाख 34 हजार 342 महिला मतदाता हैं जबकि अन्य 178 हैं। साठ वर्ष से ऊपर 18 लाख 52 हजार 948 मतदाताओं में पुरुष नौ लाख 49 हजार 623 और महिलाएं नौ लाख तीन हजार 280 तथा अन्य 45 हैं।

कुल मतदान केंद्रों की संख्या 13570 है जो 2688 स्थानों पर स्थित है। संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 3141 है।

## झाड़ू को मेरे बिना भी मिल रहा पर्याप्त वोटःस्वामी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अपनी बेबाक टिप्पणी से विपक्ष के साथ ही सत्ता पक्ष पर भी निशाना साधने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जीत का दावा किया है।

सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि झाड़ू को मेरे वोट के बिना भी पर्याप्त वोट मिल रहे हैं. सुब्रमण्यम स्वामी के इस ट्वीट को देखने से लगता है कि राज्यसभा सांसद इस बार के बजट से खुश नहीं हैं और उन्होंने ट्वीट के जरिये वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर भी निशाना साधने की कोशिश की है.

बीजेपी नेता ने ट्वीट करते हुए लिखा, झाड़ू को मेरे वोट के बिना पर्याप्त वोट मिल रहा है. बजट गुगली के बाद मुझे विशेष रूप से अपने भाजपा कार्यकर्ता के साथ खड़ा होना होगा। बीजेपी नेता के इस ट्वीट को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाने के तौर पर भी देखा जा रहा है। बता दें कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में इस बार बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों ही अपनी-अपनी जीत का दावा कर रही हैं. गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि इस बार के चुनाव में उनकी पार्टी 45 से अधिक सीटें जीत रही है. वहीं चुनाव से पहले के सर्वे पर नजर दौड़ाएं तो आम आदमी पार्टी आराम से सत्ता में वापसी करती दिख रही है।

## राइज अपार्टमेंट्स बिल्डिंग में लगी आग


» मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौजूद



**मुंबई (आरएनएस)।** नवी मुंबई के सेक्टर-44 नेरुल सीवुड्स स्थित हाई राइज अपार्टमेंट्स बिल्डिंग में शनिवार को भीषण आग लग गई। इस घटना के बाद बिल्डिंग में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना के बाद आननफानन दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार मशक्कत कर रहे हैं। भीषण आग की वजह से दमकलकर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आग की वजह से धुएं का गुबार आसमान की तरफ बढ़ रहा है। इससे पहले काला चौकी इलाके के अभ्युदय नगर में स्थित मिलान इंडस्ट्रियल एस्टेट में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई।

आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटनास्थल पर पांच फायर टेंडर, एक एंबुलेंस और एक चिक रिस्पॉन्स वाहन मौजूद है। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। हादसे में अभी किसी के घायल या हताहत होने की खबर नहीं है।

## सीएए के खिलाफ प्रदर्शन, 300 महिलाओं पर मामला दर्ज



**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के नागपाडा में संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के खिलाफ पिछले दो सप्ताह से चल रहे विरोध प्रदर्शन के आयोजकों और 300 महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के सहायक आयुक्त ने शुक्रवार शाम को नागपाडा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने मोरलैंड रोड पर एक मंच बनाया है और सड़क पर कुर्सियां रखी हुई हैं जिससे इलाके में यातायात बाधित हो गया है. इसके कारण नगर निकाय मोरलैंड रोड पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 341 (गलत तरीके से रोकना) और 34 (साझा आपराधिक इरादा) और बीएमसी कानून की धारा 313 और 314 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

गणतंत्र दिवस के बाद से नागपाडा में मोरलैंड रोड पर सैकड़ों महिलाएं दिल्ली के शाहीन बाग में जारी प्रदर्शन की ही तरह सीएए और एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं।



## सोनिया, मनमोहन और राहुल ने डाला वोट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सोनिया गांधी मध्य दिल्ली के निर्माण भवन पहुंचीं और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह पहली बार है, जब सोनिया दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बिना मतदान करने आईं। दीक्षित का गतवर्ष जुलाई में निधन हो गया था। इससे पहले सोनिया को पेट में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था और चार दिन पहले उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। इसबीच, सोनिया गांधी की बेटी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपनी मां को लेने निर्माण भवन के मतदान केंद्र पर पहुंचीं। प्रियंका मध्य दिल्ली में लोधी एस्टेट के सरदार पटेल विद्यालय मतदान केंद्र पर दिन में बाद में मतदान करेंगी।

## अलका लांबा ने आप कार्यकर्ता को मारा थप्पड़

**नईदिल्ली (आरएनएस)। चांदनी चौक सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार अलका लांबा ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया है।**

» बेटे पर आपत्तिजनक टिप्पणी



जिस आप कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी हुई है उसका नाम धर्मेश है। अलका का आरोप है कि उस शख्स ने उनके बेटे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है और अलका लांबा के साथ भी बदतमीजी की है जिसके बाद अलका ने गुस्से में आकर उसे थप्पड़ मार दिया। बता दें कि अलका लांबा पिछले आप छोड़कर वापस कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अलका लांबा आप के टिकट पर चांदनी चौक से विजयी हुई थीं।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान दिल्ली की सभी 70 सीटों के लिए आज सुबह 8 बजे से वोटिंग जारी है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारे देखने को मिल रही है। इस चुनावी मुकाबले में सत्ता में काबिज आप, बीजेपी और कांग्रेस मुख्य रूप से मैदान में है। इस चुनाव में कुल 672 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दिल्ली के 1,47,86,382 मतदाता आज तय करेंगे कि दिल्ली की सत्ता पर कौन सी पार्टी काबिज होगी। चुनाव के नतीजे 11 फरवरी को आएंगे। मीडिया रिपोर्ट के आनुसार दिल्ली में सुबह 11 बजे तक 7 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चांदनी चौके से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने मतदान केंद्र संख्या 161 पर टैगोर गार्डन एक्सटेंशन में अपना डाला वोट। उनका मुकाबला आप के प्रहलाद सिंह साहनी और बीजेपी की सुमन गुप्ता से है।

## एससी-एसटी एक्ट की वैधानिकता पर सोमवार को फैसला सुनाएगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन कानून, 2018 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को फैसला सुनाएगा।**



जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस विनीत सरण और जस्टिस रवींद्र भट की पीठ इन याचिकाओं पर फैसला सुनाएगी।


यह कानून एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किसी आरोपी को अग्रिम जमानत देने के प्रावधानों पर रोक लगाता है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 मार्च 2018 में अपने फैसले में कहा था कि एससी-एसटी एक्ट के तहत बिना जांच के गिरफ्तारी नहीं हो सकती है।

इस पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच के इस फैसले पर असहमति जताते हुए पुनर्विचार याचिका दायर की थी।

दरअसल, एससी-एसटी कानून, 1989 के हो रहे दुरुपयोग के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के तहत मिलने वाली शिकायत पर स्वतः एफआईआर और गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। इसके बाद संसद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने के लिए कानून में संशोधन किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

एससी-एसटी एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। खासतौर से दलित समुदाय के लोगों ने जगह-जगह बाजार बंद कराकर प्रदर्शन किए थे। जिसके बाद सरकार ने इस फैसले को बदलने का फैसला लिया था।

## बेहतर शिक्षा के लिए वोट करें : सिसोदिया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के लोगों से अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए मतदान करने का आग्रह किया और उन्हें झाड़ू का बटन दबाने के लिए कहा जो आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिन्ह है। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों को लोकतंत्र के महान पर्व की शुभकामनाएं दीं।

सिसोदिया ने ट्वीट किया, लोकतंत्र के महापर्व पर सभी दिल्लीवासियों को शुभकामनाएं। आज सच्चे मन से अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए वोट करें। झाड़ू पर वोट करें। सिसोदिया अपने पटपड़गंज विधानसभा सीट से जीत का हैट्रिक पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

आप नेता संजय सिंह ने भी ट्वीट कर कहा, दिल्ली की जनता से अपील है लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लें अच्छी शिक्षा, चिकित्सा, फ्री बिजली पानी की सुविधा के लिए वोट दें। खुशहाल दिल्ली के लिए वोट दें।

### एक नये रिकार्ड के साथ मतदान करने पीएम ने की अपील



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजधानी के लोगों से दिल्ली विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर एक नया रिकॉर्ड बनाने का आग्रह किया। मोदी ने आज ट्विटर पर लिखा, आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान का दिन है। मैं सभी मतदाताओं से लोकतांत्रित प्रक्रिया में भाग लेते हुए बड़ी संख्या में मतदान करने और एक नया रिकॉर्ड बनाने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री ने विशेषरूप से युवाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया है।

## पचास से ज्यादा सीटें जीतेगी भाजपाः तिवारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष मनोज तिवारी शनिवार को दिल्ली विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। तिवारी ने यमुना विहार के गर्ल्स गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। मीडिया से उन्होंने कहा, मेरे साथ जब मेरी मां का आशीर्वाद है तो सब ठीक होगा. मुझे लगता है कि हम 50 से ज्यादा सीटें जीतेंगे और दिल्ली में सरकार बनाएंगे। यहां कमल खिलेगा। तिवारी ने हालांकि भाजपा के मुख्यमंत्री चेहरे के सवाल को नजरंदाज कर दिया और सिर्फ इतना कहा, सब ठीक है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर मतदान जारी है। दिल्ली में लगभग 1.47 करोड़ मतदाता आम आदमी पार्टी (आप), भाजपा और कांग्रेस के 672 प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे। मतगणना 11 फरवरी को होगी।

### राजधानी में विकास के मुद्दे पर डाला जा रहा वोटः लवली

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के गांधीनगर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार, अरविंदर सिंह लवली ने शनिवार को पूर्वी आजाद नगर मतदान केंद्र पर वोट डाला। कांग्रेस के पूर्व मंत्री ने कहा, दिल्ली में विकास के नाम पर मतदान हो रहा है, जो कि रुक हो गया है। क्योंकि कोई भी काम नही किया गया है।